बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर

कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर

पत्रांकः— 258 कृ0वि0के0, मुंगेर दिनांकः— 24.08.2023

दिनांक 10/08/2023 को निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर की 22 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर के लिए कार्यवाही के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के अनुपालन हेतु निम्न निर्देश दिए गए। :—

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर तीन क्विंटल मशरूम का स्पाँन तथा मशरूम का उत्पादन करें।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा बीस हजार फलीय पौध एवं सब्जी पौध का उत्पादन किसानों के लिए बिक्री हेतू करें।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर में केन्द्र की चक्रीय मद को बढ़ाने हेतू छः तकनीकी प्रत्यक्षण सह उत्पादन इकाई स्थापित कर कार्यान्वयन की जाय।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष से केन्द्र के प्रक्षेत्र में मिलेटस का क्राप केफेटेरिया कन्डक्ट किया जाय। तथा इसकी खेती के विस्तार के लिए जागरूकता क्षमता संवर्द्धन तथा प्रशिक्षण आयोजित करें।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया कि जिला के कम से कम तीन किसानों के प्रक्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र की स्थापना एवं प्रचार—प्रसार जिला के सहायक उद्यान निदेशक के सहयोग से करवायें।

  विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण)।

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया गया कि जलवायु अनुकुल कृषि कार्यक्रम में लगे फसल पर जिला कृषि पदाधिकारी या अन्य सम्वद्ध पदाधिकारीयों की उपस्थिति में प्रक्षेत्र दिवस आयोजित करें।

  सह अन्वेषक, सी0आर0ए0।

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेर के प्रक्षेत्र में आई0एफ0एस0मॉडल (समेकित कृषि प्रणाली) को विकसित किया जाय जिससे किसानों को प्रशिक्षण/ प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिक जानकारी प्राप्त हो सके।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)।

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि जल श्रोत का निर्माण, वर्षा जल का संचयन एवं कृषि में उसका सदुपयोग पर जागरूकता प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम आयोजित करें।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण)।

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि किसान समूह एवं एफ0पी0ओ0 के माध्यम से सामूहिक सहयोगत्मक खेती को बढ़ावा हेतू प्रशिक्षण दें।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि कृषि से सम्वद्ध प्रशिक्षण या जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि ई–निरोग एप से फसलों की कीट व्याधि निवारण हेतु जिले के सभी प्रसार कार्यकर्त्ताओं को अवगत कराया जाय जिससे किसानों की समस्याओं का निदान हो सके।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)।

- समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्राकृतिक खेती पर एक माडल केन्द्र पर स्थापित किया जाए तथा इस पर एवं मोटे अनाज पर बुलेटिन/लीफलेट, पम्पलेट छपवाये जाय। जो समय–समय पर किसानों को प्रशिक्षण सामग्री में दिया जाय।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)।

- समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर द्वारा प्रशिक्षण कलेन्डर (3 माह) प्रशिक्षणार्थियों के लिए बनाया जाय जो सभी लाइन विभाग के पदाधिकारियों को सूचित किया जाय।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा)।

Mukesh Kumar
24.08.2023
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, मुंगेर।
Senior Scientist and Head
Krishi Vigyan Kendra, Munger